Page:
Date: / /

शैक्षिक सत्र - 2023-24

बैठक की सूचना

सूचना दिनाँक 24/8/2023

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर सरगुजा में सेवारत समस्त अधिकारियों एवम् कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 25/08/2023 को दोपहर 03:pm बजे आईक्यूएसी की बैठक, कक्ष क्रमांक 01 में रखा गया है, जिसमें समस्त अधिकारियों एवम् प्रकोष्ठ के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है :

आईक्यूएसी बैठक के प्रमुख बिन्दु (एजेण्डावार) :-

1. आईक्यूएसी बैठक 23/06/2 के मुद्दों पर विमर्श करना, तथा कार्य गतिविधियों की समीक्षा करना।
2. महाविद्यालयीन प्रवेशित छात्र-छात्राओं हेतु कक्षा में बैठक व्यवस्था को अद्यतन करना, साथ ही ग्रीन बोर्ड की उपलब्धता पर विमर्श करना।
3. महाविद्यालय में स्वाध्यायी छात्र-छात्राओं हेतु परीक्षा व्यवस्था को प्रारंभ होने की सूचना का प्रसार विद्यार्थियों में करना।
4. महाविद्यालयीन समय सारिणी के अनुसार अध्यापन व्यवस्था को सुचारु रूप से क्रियान्वित करना।
5. शैक्षणिक गतिविधियों की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु एक्स्ट्राकरिकुलर गतिविधियों, को-करिकुलर गतिविधियों को प्रोत्साहित करना।
6. सहायक प्राध्यापकों हेतु विषय से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण हेतु प्रोत्साहित करना।

(signature) 24.08.24

I.Q.A.C.-INCHARGE
Govt. RDS College
Udaipur Distt.-Surguja (C.G.)

शास. राजकुमार धीरज सिंह महा.विद्या. उदयपुर, सरगुजा (छ.ग.)

(signature)
प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.-उदयपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

## आईक्यूएसी बैठक का आयोजन

दिनांक 25/08/2023

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर जिला सरगुजा में आज दिनांक 25-08-2023 को प्राचार्य महोदया की अध्यक्षता में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 01 में किया गया। इस बैठक में उपस्थित होने वाले अधिकारियों/सदस्यों के नाम एवं उनके हस्ताक्षर निम्नलिखित हैं।

सदस्यगण :- सुश्री सावित्री सिंह (सहा. प्राध्या.)
श्री मुकेश कुमार रजक (सहा. प्राध्या.) - Mukesh 25.08.23
श्री जेवियर टोप्पो (सहा. प्राध्या.)
सुश्री सुमन आर तिर्की (सहा. प्राध्या.) 25/08/2023
श्री उमेश ओहदार (सहा. प्राध्या.)
सुश्री प्रतिमा कुजूर (सहा. प्राध्या.) 25/08/23
श्री रविशंकर मनहर (सहा. प्राध्या.) Ravi
प्रतिनिधी, एनजीओ रेहाना फ़ाउंडेशन -
तहसीलदार, उदयपुर सरगुजा -

Mukesh 25.08.24

I.Q.A.C.-INCHARGE
Govt.RDS College
Udaipur Distt. Surguja (C.G.)

शास. राजकुमार धीरज सिंह महा.विद्या. उदयपुर सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.-उदयपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

बैठक की कार्यवाही का विवरण :-

(1) 23 जून 2023 को आयोजित बैठक के आलोक में लिए गए निर्णय के अनुरूप महाविद्यालय के नैक पोर्टल पर अपलोड की गई एक्यूएआर रिपोर्ट को रिव्यू हेतु ओपन कर 2021-22 के डाटा के स्थान पर 2022-23 के डाटा को अपलोड करने हेतु पोर्टल से प्राप्त निर्देश के आधार पर संशोधित A.Q.A.R. भरने हेतु डाटा-संधारण का कार्य प्रारंभ किया गया।

इस हेतु नैक पोर्टल पर AQAR अपलोड करने के लिए 31-12-2023 को अंतिम दिवस नैक पोर्टल पर दिखवाया जा रहा है, अतएव यथाशीघ्र तैयारी कर आवश्यक कार्यवाही को पूर्ण करने हेतु, बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा संकल्प पारित किया गया।

Signature..............

Scanned with OKEN Scanner

(2) आईक्यूएसी प्रकोष्ठ प्रारंभ से ही टीचर इनोवेशन, ट्रेनिंग, सेमीनार हेतु सक्रिय रहा है, जिस कड़ी में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय से जूलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के सहायक प्राध्यापक को ओरिएण्टेशन प्रोग्राम में भागीदारी करने के लिए कार्यमुक्त किया गया। 28 दिवस की कार्यशाला में भाग लेकर प्राध्यापकों ने शिक्षा, संचार, विचार सम्प्रेषण, डिजीटल लर्निंग, इत्यादि सहित अनेक नवाचारी और ज्ञानवर्धक तथ्यों को सीखा, जिससे विद्यार्थियों को उन्नत तकनीक, शैली और विचार को जानने का अवसर प्राप्त हुआ। भविष्य में जीआईएस और रिमोट-सेंसिंग जैसे तकनीक को सीखने के लिए प्रोत्साहन दिया गया। समस्त विषय विशेषज्ञों को अपने विषयों की सैद्धान्तिक और तथ्यात्मक बारिकियों को सीखने समझने हेतु सार्थक चर्चाएँ हुई।

(3) महाविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु सायकल स्टैण्ड की मांग विगत-सत्र से बनी हुई थी, जिसे संज्ञान में लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों से सार्थक चर्चा-उपरान्त, योजना सांख्यिकी अधिकारी (कलेक्टर) के अनुमोदन के पश्चात् विधायक मद से 2.50 लाख (दो लाख पचास हज़ार रुपये मात्र/-) की स्वीकृति प्रदान की गई है। सायकल स्टैण्ड निर्माण हेतु चिन्हांकित भूमि में सायकल स्टैण्ड निर्माण एजेन्सी द्वारा कार्य 10-01-2023 से प्रारंभ किया गया था। बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यार्थियों की सुविधा हेतु सायकल स्टैण्ड प्लेटफॉर्म और शेड निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु निर्माण एजेन्सी को निर्देशित किया जाए, जिस हेतु जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह कर, कार्य को पूर्ण कराने का प्रयास किया जाए।

(4) सत्र 2022-23 से महाविद्यालय में, विश्वविद्यालय के द्वारा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा सेण्टर की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है, जिसकी जानकारी क्षेत्रीय विद्यार्थियों को नहीं है, फलतः बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त आशय की सूचना का व्यापक स्तर पर प्रसार किया जावे, जिससे इच्छुक स्वाध्यायी परीक्षार्थी महाविद्यालय का चुनाव परीक्षा सेण्टर के रूप में कर सके।

गौरतलब है कि विद्यार्थियों को पूर्व में प्राइवेट परीक्षा का केन्द्र महाविद्यालय को नहीं बनाया गया था, जिस हेतु विद्यार्थियों की मांग को ध्यान में रखकर, समुचित बैठक व्यवस्था के साथ महाविद्यालय में यह व्यवस्था प्रारंभ कराई गई है।

Signature.............

(5) विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापकों और भूगोल विषय के सहा. प्राध्यापक द्वारा लैब में स्लैब निर्माण करने हेतु बैठक में चर्चा की गई। स्लैब के न होने से विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल कार्य में दिक्कत आती है, उक्त आशय की सूचना को बैठक में संज्ञानित कर आगामी समय में इस कार्य हेतु जनभागीदारी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों से सार्थक वार्ता स्थापित करने हेतु कार्ययोजना बनाई गई।

(6) महाविद्यालय में अगस्त माह के प्रथम पखवाड़े में विद्यार्थियों के दाखिले के पश्चात यह सुनिश्चित किया गया कि महाविद्यालयीन समय-सारिणी के अनुरूप सुचारू रूप से कक्षाएँ संचालित की जावे, ताकि सभी विषयों की समुचित पढ़ाई संभव हो सके।

(7) विद्यार्थियों को एक्स्ट्रा-करिकुलर, को-करिकुलर एक्टिविटी में भागीदार बनाने के लिए कक्षा-शिक्षकों को आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने की सहमति बनाई गई। वर्ष के प्रमुख दिवसों और शासन द्वारा घोषित तिथियों में की जाने वाली गतिविधियों में विद्यार्थियों को अधिकाधिक जोड़ने और कार्यक्रम को संचालित करने के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने की रणनीति बनाई गई। विद्यार्थियों को इन गतिविधियों के लाभ, और इनका जीवन में महत्व को समझाकर उन्हें इन प्रक्रियाओं में शामिल करने की नीति बनाई गई। विगत दिवस जुलाई माह में मुख्यमंत्री भेंट-मुलाकात योजना के तहत विद्यार्थी समूह को अम्बिकापुर ले जाकर मुख्यमंत्री महोदय से भेंट-मुलाकात कराई गई थी। वृक्षारोपण, खेलकूद जैसी गतिविधियों हेतु विद्यार्थियों को जागरूक किया जाने का संकल्प पारित किया गया।

(8) विद्यार्थियों को डिजीटल लर्निंग के लिए प्रेरित करने हेतु प्रोजेक्टर से कक्षा अध्यापन कार्य कराने की सहमति बनी।

(9) उक्त संकल्प और सहमति के पश्चात प्राचार्य महोदया को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आज के इस बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

25.08.23

I.Q.A.C. INCHARGE
Govt. RDS College
Udaipur Distt.-Surguja (C.G.)

शास. राजकुमार धीरज सिंह महा. विद्या.
उदयपुर, सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.-उदयपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

शैक्षिक सत्र - 2023-24

"आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की बैठक सूचना" सूचना दिनांक 08-01-2024

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर सरगुजा में कार्यरत समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10-01-2024 को अपरान्ह 03: PM बजे आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की बैठक I.Q.A.C. कक्ष (कक्ष क्रमांक-01) में रखा गया है, जिसमें इस प्रकोष्ठ में सम्मिलित अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। :-

बैठक का एजेण्डा :-

① आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की विगत बैठक 25/08/2023 के प्रमुख कार्यगतिविधियों की समीक्षा करना।

② महाविद्यालयीन विद्यार्थियों की कक्षा गतिविधि, कोर्स (विषयवार) की पूर्णता की स्थिति, और आगामी प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु आवश्यक रणनीति तैयार करना।

③ महाविद्यालयीन आन्तरिक परीक्षा एवम् परीक्षा फल का विश्लेषण करना

④ विद्यार्थियों हेतु स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना।

⑤ महाविद्यालय में वाई-फ़ाई कनेक्टिविटी की सुविधा को सुनियोजित और विकसित करना।

⑥ बैठक के दौरान विमर्श में आए अन्य आवश्यक मुद्दे, एवम् प्राचार्य महोदया द्वारा निर्देशित तात्कालिक सुझाव।

mukesh
08/01/2024
I.Q.A.C.-INCHARGE
Govt.RDS College
Udaipur Dist.-Surguja(C.G.)

शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर, सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.- उदयपुर
जिला-सरगुजा(छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

आईक्यूएसी बैठक का आयोजन

दिनाँक : 10-01-2024

शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर जिला सरगुजा में दिनाँक 08-01-2024 को जारी सूचना के सन्दर्भ में आज दिनाँक 10-01-2024 को प्राचार्य की अध्यक्षता में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन, महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक-01 (आईक्यूएसी कक्ष) में किया गया। उक्त आज दिनाँक के इस बैठक में सम्मिलित होने वाले सदस्यों के नाम/हस्ताक्षर निम्नवत् हैं:-

सदस्यगण - सुश्री सावित्री सिंह (सहा० प्राध्या०) - 10.01.24
श्री मुकेश कुमार रजक (सहा० प्राध्या०) - 10.01.24
श्री ज़ेवियर मिंज (सहा० प्राध्या०) - 10.01.2024
सुश्री सुमन आर तिर्की (सहा० प्राध्या०) - 10.1.2024
श्री उमेश ओहदार (सहा० प्राध्या०) -
सुश्री प्रतिमा कुजूर (सहा० प्राध्या०) - 10.01.2024
श्री रविशंकर मनहर (सहा० प्राध्या०) - 10/01/24
एनजीओ प्रतिनिधी (रेहाना फाउण्डेशन) -
तहसीलदार उदयपुर, सरगुजा -

10.01.24
I.Q.A.C.-INCHARGE
Govt RDS College
Udaipur Distt.-Surguja(C.G)

शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय उदयपुर, सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.-उदयपुर
जिला-सरगुजा(छ.ग.)

आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की बैठक कार्यवाही का विवरण :-

① 31 दिसम्बर 2023 की स्थिति तक महाविद्यालय के नैक पोर्टल पर वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट सफलता पूर्वक अपलोड कर दिया गया, जिसे नैक पोर्टल पर स्वीकृत कर लिया गया। ए. क्यू. ए. आर. 2022-23 की रिपोर्ट की एक सॉफ्टकॉपी महाविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है, जिससे विद्यार्थियों एवम् अन्य स्टेकहोल्डर्स (पालक, जनप्रतिनिधि) तक यह रिपोर्ट सुगमतापूर्वक उपलब्ध हो सके।

② सितम्बर 2023 में रायपुर में जीआईएस एवम् रिमोट सेंसिंग की कार्यशाला में भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक को प्रशिक्षण प्राप्त करने

Signature...........

हेतु रिसीव किया गया, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक को सहजतापूर्वक समझाया जा सके, और उनमें नवाचार विकसीत किया जा सके।

③ प्रायोगिक लैब में स्लैब निर्माण हेतु जनप्रतिनिधियों से सार्थक चर्चा के उपरान्त अक्टूबर - नवम्बर 2023 में उक्त कार्य हेतु कार्य प्रारंभ हुआ। पूर्व बैठक (आईक्यूएसी - 25/08/2023) के उपरान्त ही उक्त आशय की वार्त्ता जनप्रतिनिधियों से की गई थी, जो नवम्बर - दिसम्बर 2023 की स्थिति तक पूर्ण हो गया। लैब वर्क में स्लैब के निर्माण से प्रैक्टिकल की गतिविधि, एवम् उपकरणों की हैण्डलिंग की प्रक्रिया सहज और सुरक्षित हुई हैं, जिससे विद्यार्थियों की प्रायोगिक कार्य में रूचि और भागीदारी बढ़ी हैं।

④ महाविद्यालय में सायकल स्टैण्ड निर्माण का कार्य 10-01-2023 को प्रारंभ हुआ था, जिसे निर्माण एजेंसी को यथाशीघ्र पूर्ण करने का संकल्प पूर्व बैठक में लिया गया था, जिसके लिए जनप्रतिनिधी स्तर की वार्त्ता एवम् निर्देश जारी करने के पश्चात् एजेन्सी द्वारा 10-01-2024 दिनाँक तक कार्यपूर्ण कर दिया गया हैं।

⑤ महाविद्यालयीन कक्षा कार्यक्रम में विद्यार्थियों की आन्तरिक परीक्षा से प्राप्त सन्तोषजनक परिणाम को मुख्य परीक्षा से पहले उत्कृष्ट स्तर तक लाने के प्रयास पर चर्चाएँ हुई। विद्यार्थियों में लेखन कौशल विकसित करने, परीक्षा समय-सीमा का ध्यान रखने, और रूचिकर प्रश्नों की विशिष्ट रूप में उदाहरण, पाईचार्ट, ग्राफ़, चित्रावली इत्यादि के द्वारा उत्तर-लेखन कराये जाने की सहमति बनी। सैद्धान्तिक पढ़ाई के साथ व्यावहारिक जीवन को जोड़कर सीखने की पद्धति को विकसित करने का निर्णय लिया गया। दैनिक जीवन की गतिविधियों में सैद्धांतिक ज्ञान के उदाहरण ढूँढने के प्रयासों पर बल दिया गया।

⑥ कक्षा कार्यक्रम की विषयवार अद्यतन पढ़ाई की स्थिति पर चर्चा हुई, जिसमें यह सहमति ली गई कि विधानसभा चुनाव - 2023 में चुनाव ड्यूटी में लगे प्राध्यापकों को अतिरिक्त कक्षा कार्यक्रम आयोजित करने और विद्यार्थियों से सम्पर्क स्थापित कर उनके विषय - संबंधित शंका - समाधान को दूर किया जावे। आगामी प्रायोगिक एवम् मुख्य परीक्षा से पहले विषय अध्यापन पूर्णता का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

Signature...............

Scanned with OKEN Scanner

(7) चूँकि मार्च-अप्रैल से विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षायें प्रारंभ हो जाएंगी, इसलिए बैठक में विद्यार्थियों हेतु ग्रीष्मकाल में शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने की चर्चा हुई, जिस हेतु वर्तमान स्थापित वाटर कूलर की दक्षता को बढ़ाने की योजना बनी। विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर महाविद्यालय की बैठक व्यवस्था का आंकलन कर पर्याप्त संख्या में टेबल-कुर्सी की उपलब्धता पर बल दिया गया। परीक्षा आयोजित होने वाले कक्षों में अभी से पर्याप्त बेंच की व्यवस्था किये जाने की सहमति बनी, विद्युत उपकरणों, ट्यूबलाईट, पंखे इत्यादि की व्यवस्था को दुरुस्त करने की योजना बनाई गई।

(8) आय के स्त्रोत पर कर की कटौती संबंधी आयकर लेखा की जानकारी प्रदान करने हेतु प्राचार्य महोदया द्वारा निर्देशित किया गया।

(9) महाविद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक एवम् स्नेह कार्यक्रम आगामी दिवस में आयोजित करने की सहमति बनाई गई, जिस हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी एवम् संबंधित सहायक प्राध्यापकों को निर्देश दिया गया।

(10) महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के अन्तर्गत जीवविज्ञान जन्तुविज्ञान एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान में ३०-३० सीट की वर्तमान उपलब्धता है, जिस पर पालकों, जनप्रतिनिधियों एवम् सहायक प्राध्यापकों द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखकर सीट उपलब्धता की संख्या बढ़ाकर ६०-६० किये जाने का मांग समय-समय पर किया जाता रहा है। उक्त आशय के आलोक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया कि आगामी शिक्षा सत्र २०२३-२४ में सीट बढ़ोतरी का प्रस्ताव शासन को भेजा जाए, जिससे २०२४-२५ में सीट वृद्धि हो सके।

(11) मीटिंग के समापन के अवसर पर प्राचार्य महोदया द्वारा महाविद्यालय में गुणवत्तायुक्त शिक्षण प्रक्रिया को स्थापित करने हेतु अपने अन्य सुझाव रखे, तत्पश्चात् सदस्यों द्वारा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

10/01/2024
I.Q.A.C.-INCHARGE
Govt.RDS College
Udaipur Distt.-Surguja(C.G.)

शास. राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय
उदयपुर सरगुजा (छ.ग.)

प्राचार्य
शास. राजकुमार धीरज सिंह
महा.वि.- उदयपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner